विधान परिषद् के प्रथम सत्र 2025 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, मा० सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-5 का उत्तर।

प्रश्न	उत्तर
5(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 29 जनवरी, 2025 जो की सचिव राजस्व/चकबंदी आयुक्त को संबोधित एवं ग्राम-बरगदवां उर्फ गनवरिया परगना-विनयकपुर, तप्प-मर्चवार, तहसील-नौतनवा, जनपद-महराजगंज में द्वितीय चक्र की चकबंदी कराये जाने विषयक है, प्राप्त हुआ है?	जी हाँ।
(ख) यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर क्या कार्यवाही की गयी है ?	ग्राम को चकबन्दी प्रक्रिया में सम्मिलित करने हेतु कृषको/भूमि प्रबन्ध समिति का मन्तव्य तथा प्रस्ताव प्राप्त करने के लिए दिनांक 13.02.2025 को ग्राम में बैठक की गयी है। तत्क्रम में ग्राम बरगदवा उर्फ गनवरिया को उ0प्र0 जोत चकबन्दी अधिनियम की धारा-4क(2) के अन्तर्गत चकबन्दी क्रियाओं में सम्मिलित करने हेतु जिलाधिकारी/जिला उप संचालक चकबन्दी, महराजगंज का प्रस्ताव दिनांक 14.02.2025 द्वारा उपलब्ध कराया गया है। उक्त प्रस्ताव का निदेशालय स्तर पर परीक्षण किया जा रहा है, ग्राम बरगदवा उर्फ गनवरिया को चकबन्दी प्रक्रिया में शामिल किये जाने के संबंधी प्रस्ताव चकबन्दी निदेशालय से प्राप्त होने पर नियमानुसार उक्त ग्राम की द्वितीय चक्र की चकबन्दी कराये जाने की कार्यवाही की जायेगी।
(ग) यदि नहीं, तो क्यों?	प्रश्न नही उठता।

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री।